# समाचार

# वार्ड क. 30, 31 में दो सितम्बर से बनेगें आधार कार्ड

## (वार्ड क. 26, 28 एवं 29 में एक सितम्बर को दोपहर एक बजे तक बनाए जाएंगे)

कोरबा 31 अगस्त 2013 – बायोमेट्रिक आधार कार्ड बनाए जाने की कड़ी में निगम के वार्ड क्र. 30 एवं 31 में 02 सितम्बर से 04 सितम्बर तक आधार कार्ड बनाए जाएगे, इसके साथ ही वार्ड क्र. 26, 28 एवं 29 में पुनः 01 सितम्बर को दोपहर एक बजे तक आधार कार्ड बनाए जाने की कार्यवाही की जाएगी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र के वार्ड क्र. 26, 28 एवं 29 में आधार कार्ड बनाए गए हैं, किन्तु कार्य पूर्ण न हो पाने के फलस्वरूप एक सितम्बर को दोपहर 01 बजे तक पुनः इन वार्डो में आधार कार्ड बनाए जाने की कार्यवाही की जाएगी, उक्त वार्डो के अंतर्गत स्थित प्राथ. शाला रिसदा, प्राथ. शाला भदरापारा, प्राथ. शाला सेक्टर–4 एवं मिनीमाता उ.मा.वि. में यह कार्य संपादित होगा। वार्ड क्र. 30 एवं 31 में पहले 01 सितम्बर से आधार कार्ड बनाए जाने का कार्यक्रम निर्धारित था, किन्तु अपरिहार्य कारणवश उक्त तिथि में परिवर्तन किया गया है, अब वार्ड क्र. 30 एवं 31 में दो सितम्बर से चार सितम्बर तक आधार कार्ड बनेंगे।

संपादकव्यूरोचीफ.....................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित

**( रावेन्द्र सिंह )**
सहायक जनसंपर्क अधिकारी
**नगर पालिक निगम**
कोरबा (छ.ग.)